**Need to provide air connectivity to Bareilly with various cities of the country-Laid**

श्री छत्रपाल सिंह गंगवार **(**बरेली**) :** मैं माननीय, नागरिक उड्डयन मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि मेरा लोकसभा क्षेत्र बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत का प्रमुख जनपद है तथा यह जनपद पर्यटन, धार्मिक, व्यापारिक व सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण शहर है, फिर भी वर्तमान में एक दिन में केवल एक (1) उड़ान है जो क्षेत्र की अधिकतम क्षमता को उचित नही ठहराती है । इस प्रकार समग्र मूल्यांकन पर बरेली को AIR BUS-320/321 के संचालन के द्वारा प्रमुख शहर जैसे चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, कोलकाता, हैदराबाद, जम्मू / श्रीनगर आदि लंबी दूरी के प्रमुख शहरों, एवं ATR विमान से आसपास के शहर जैसे दिल्ली, जयपुर, अमृतसर, पटना, लखनऊ और देहरादून को हवाई मार्ग से जोड़ने की काफी संभावनाएं है । बरेली हवाई अड्डे के अन्य शहरों से हवाई मार्ग से जुड़ने से बरेली तथा आसपास के क्षेत्रों को वास्तविक लाभ मिलेगा तथा बरेली, भारत के सग्रम विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकेगा । मेरा सरकार से निवेदन है कि बरेली शहर को विमान सेवा द्वारा उपरोक्त शहरों से जोड़ा जाए, इसके लिए मैं और बरेली क्षेत्र की जनता सदैव मंत्री जी की आभारी रहेगी ।